No. of Printed Pages : 4

# BHDE–108

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## (बी. डी. पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.एच.डी.ई.–108 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### खण्ड—क

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***500*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 2×20=40

1. मौखिक तथा लिखित भाषा के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

2. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध रूपों को स्पष्ट कीजिए।

3. हिन्दी में वैज्ञानिक लेखन के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

4. मुद्रित माध्यमों की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड—ख

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***250*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 4×10=40

5. लिपि और वर्तनी के परस्पर सम्बन्धों को स्पष्ट कीजिए।

6. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेदों को स्पष्ट कीजिए।

7. पारिभाषिक शब्दावली की निर्माण प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

8. राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा 1967 पर प्रकाश डालिए।

9. कार्यालय हिन्दी में भाषा की सहजता पर प्रकाश डालिए।

10. रेडियो की भाषा के महत्व को सोदाहरण समझाइए।

11. किसी विषय पर एक अर्द्ध–सरकारी पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

12. फैशन का तात्पर्य एवं उसकी यात्रा को संक्षिप्त में समझाइए।

## खण्ड—ग

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50–50** शब्दों में दीजिए : 5×2=10

(i) संविधान के अनुच्छेद 343(i) के अनुसार राजकीय प्रयोजन से क्या तात्पर्य है ?

(ii) सरल वाक्य किसे कहते हैं ?

(iii) अनुस्वार व अनुनासिक का अन्तर बताइए।

(iv) संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित भाषाओं के नाम बताइए।

(v) समाचार का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी समानार्थक शब्द लिखिए : 5×1=5

(i) Made to Order

(ii) Vide Letter No.

(iii) Mentioned above

(iv) Conference

(v) Proposed

15. बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत :

$5 \times 1 = 5$

(i) वैज्ञानिक भाषा और तकनीकी भाषा में अभेद है।

(ii) विज्ञान में नियम सार्वभौम होते हैं, स्थान विशिष्ट नहीं।

(iii) सूत्रात्मकता साहित्यिक भाषा का प्रधान लक्षण है।

(iv) तकनीकी भाषा को हम वैज्ञानिक भाषा भी कह सकते हैं।

(v) परियोजना, दूरदर्शन, संकाय शब्द हिन्दी के पूर्व-प्रचलित शब्द हैं।

× × × × ×